# पूर्वोदय

## पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय की त्रैमासिक हिन्दी ई-पत्रिका

### अंक : अक्टूबर-दिसंबर, 2012




माननीय रेल राज्यमंत्री, श्री अधीर रंजन चौधरी, 26 नवंबर, 2012 को कांचरापाड़ा कारखाने के 150वें वर्षगांठ समारोह में स्मारक द्वार का उद्घाटन करते हुए। साथ में श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे एवं अन्य।

| संरक्षक | प्रधान संपादक | संपादक | उप संपादक | तकनीकी सलाहकार | सहयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| जी. सी. अग्रवाल | ए. के. मित्तल | महेश्वर जामुदा | साधना सिंह | मृणाल कांति सिन्हा | सच्चिदानन्द यादव |
| महाप्रबंधक | मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (नि.-II) | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी | राजभाषा सहायक | कंप्यूटर इंजीनियर | राजभाषा अधीक्षक |

पूर्वोदय का नेट संस्करण www.er.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है.

# हमारी उपलब्धियाँ - सामान्य






- तत्कालीन माननीय रेलमंत्री, श्री मुकुल रॉय ने आरामबाग में आयोजित एक कार्यक्रम में दिनांक 16.09.2012 को तारकेश्वर और आरामबाग के बीच नवनिर्मित विद्युतीकृत ब्रॉड गेज लाइन का उद्घाटन किया और इस सेक्शन में ई एम यू ट्रेन सेवा और गोकुलनगर, जयपुर एवं मयनापुर के बीच एम ई एम यू सेवाएं प्रारंभ कीं। उन्होंने आरामबाग स्टेशन पर नई यात्री आरक्षण प्रणाली का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।






- तत्कालीन माननीय रेल राज्यमंत्री, श्री के. एच. मुनियप्पा ने दिनांक 24.09.2012 को दुमका रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में दुमका-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कोलकाता-चित्तरंजन पैसेंजर के देवघर तक विस्तार की औपचारिक रूप से घोषणा की। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

- माननीय सांसद, श्री निशिकांत दुबे ने दिनांक 04.10.12 को सत्संगनगर, देवघर में एक नए कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण काउंटर (पी आर एस) का उद्घाटन किया।



- माननीय सांसद, श्री शिबू सोरेन ने दिनांक 30.10.12 को विद्यासागर स्टेशन पर एक यू टी एस सह पी आर एस काउंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

- दिनांक 16.10.12 को पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास एवं नगरपालिका मामले के मंत्री, श्री जनाब फिरहाद हाकिम द्वारा बाघाजतीन आर ओ बी का उद्घाटन किया गया एवं चालू किया गया।
- तारकेश्वर-विष्णुपुर नई लाइन परियोजना के तालपुर-आरामबाग सेक्शन के मायापुर एवं आरामबाग दोनों क्रॉसिंग स्टेशनों को एन आई वर्किंग हेतु तैयार कर दिया गया।
- सितंबर, 11 में 4.280 एम टी रेवेन्यू लोडिंग की तुलना में, सितंबर,12 के दौरान, 4.410 एम टी रेवेन्यू लोडिंग की गई।
- अक्टूबर, 11 में 4.537 एम टी रेवेन्यू लोडिंग की तुलना में अक्टूबर, 12 के दौरान, 4.600 एम टी रेवेन्यू लोडिंग की गई।



**माननीय रेल राज्यमंत्री, श्री अधीर रंजन चौधरी, दिनांक 16.11.2012 को मुर्शिदाबाद जिले के कांदी शहर में नए कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण केंद्र का उद्घाटन करते हुए।**

## कार्यों का चालू किया जाना :-

- घुटियारीशरीफ - कैनिंग (14.50 कि.मी.) सेक्शन - 18.09.12 से 25.09.12 तक एन आई कार्यों के पश्चात् 25.09.12 को सेक्शन चालू कर दिया गया।
- तारकेश्वर -आरामबाग (24.48 कि.मी.) सेक्शन (तारकेश्व-विष्णुपुर नई लाइन का एक भाग) - सेक्शन के विद्युतीकरण को चालू करने के पश्चात् दिनांक 16.09.12 को ई एम यू यात्री गाड़ी सेवाएं प्रारंभ की गई।
- गोकुलनगर-मयनापुर हॉल्ट (5.78 कि.मी.) सेक्शन (तारकेश्वर-विष्णुपुर नई लाइन का एक भाग) - 16.09.12 को सेक्शन चालू किया गया।
- स्टील प्लेट गर्डर द्वारा सेतु सं. 144 का पुनर्निर्माण (पी बी - 430/12-13) :- क्षतिग्रस्त सेतु सं. 144 के स्थान पर, 24.4 एम कंपोजिट गर्डर के 6 स्पैनवाले नए सेतु को साहेबगंज लूप के लैलख ममलखा और सबौर के बीच अप/डाउन रूट पर 50 कि.मी. प्रति घंटे गति प्रतिबंध सहित दिनांक 23.09.12 को चालू कर दिया गया।
- माझेरहाट में नर्सिंग कॉलेज - फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है और कार्य पूर्ण होने वाला है।



**पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय के अधिकारीवृन्द, सतर्कता जागरूकता सप्ताह (30 नवंबर, 2012) के अवसर पर, भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ लेते हुए। श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, सतर्कता बुलेटिन 'जागृति' का विमोचन करते हुए।**

## नई लाइन

### लक्षित कार्य

- बरमसिया -शिकारीपाड़ा (8.00 कि.मी.) सेक्शन (मंदारहिल-दुमका-रामपुरहाट नई लाइन का एक पार्ट) - सितंबर, 12 के दौरान 12,000 एम3 भूमिकार्य पूरा कर लिया गया।
- आरामबाग-गोघाट (9.45 कि.मी.) सेक्शन (तारकेश्वर-विष्णुपुर नई लाइन का पार्ट) - सितंबर,12 के दौरान 3 लघु सेतुओं (आर सी सी बॉक्स) का कार्य पूरा कर लिया गया।
- चंदन-कटूरिया (15.60 कि.मी.) सेक्शन (देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन का पार्ट) - अक्टूबर'12 के दौरान, 15,000 एम3 भूमिकार्य एवं 3500 एम3 ब्लैंकेटिंग कार्य पूरा कर लिया गया।
- आरामबाग-गोघाट (9.45 कि.मी.) सेक्शन (तारकेश्वर-विष्णुपुर नई लाइन का पार्ट) - अक्टूबर,12 के दौरान, 2 अदद लघु सेतुओं (आर सी सी बॉक्स) का कार्य पूरा कर लिया गया।
- पिनारगरिया-हरीसिंघा (7.80 कि.मी.) सेक्शन (मंदारहिल-दुमका-रामपुरहाट नई लाइन का पार्ट) - अक्टूबर,12 के दौरान, 14,000 एम3 भूमिकार्य पूरा कर लिया गया।

## दोहरीकरण

### लक्षित कार्य

- कालीनारायणपुर-फुलिया (9 कि.मी.) - सितंबर,12 के दौरान, कुल 8 अदद लघु सेतुओं में से 07 अदद सेतुओं का संपूर्ण कार्य पूरा कर लिया गया। सितंबर, 12 के दौरान, 2 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूरा कर लिया गया और कुल 4 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग की गई।
- कृष्णनगर-बेथुआडहरी (27.92 कि.मी.) दोहरीकरण- 24 कि.मी. फॉर्मेशन कार्य पूरा कर लिया गया। सितंबर,12 के दौरान, 7 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूरा कर लिया गया।
- फुलिया-कालीनारायणपुर (9कि.मी.) - अक्टूबर, 12 के दौरान, 2500एम3 बैलस्ट की आपूर्ति की गई और 0.5 कि.मी.ट्रैक लिंकिंग की गई।
- कृष्णनगर-बेथुआडहरी (27.92 कि.मी.) दोहरीकरण - अक्टूबर,12 के दौरान, जालंगी नदी पर सेतु सं. 17/ए (स्पैन 2x76.2 एम x 45.7एम +3x18.3 एम) के सभी गर्डरों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया।
- पोराडांगा-मणिग्राम (14.98 कि.मी.) सेक्शन (अजीमगंज-मणिग्राम दोहरीकरण का पार्ट) - अक्टूबर,12 के दौरान, 1000 एम3 भूमि कार्य एवं 2300एम3 ब्लैंकेटिंग कार्य पूरा कर लिया गया।
- तीनपहाड़-तलझाड़ी (9.78 कि.मी.) सेक्शन (तीन पहाड़-साहेबगंज दोहरीकरण का पार्ट) - अक्टूबर,12 के दौरान, 3500 एम3 भूमिकार्य एवं 2700 एम3 ब्लैंकेटिंग कार्य पूरा कर लिया गया।





**रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वाधान में, सॉल्टलेक, कोलकाता में (23 से 25 नवंबर, 2012), ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित, तृतीय ऑल इंडिया रेलवे आर्चरी चैंपियनशिप के अवसर पर श्री नवीन टंडन, अपर महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे का स्वागत (बाएं), प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी (दाएं)।**




**माननीय रेल राज्यमंत्री, श्री अधीर रंजन चौधरी, दिनांक 26.11.2012 को, न्यू गरिया हॉल्ट एवं मेट्रो रेलवे कार शेड, कवि सुभाष के शुभ उद्घाटन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए। साथ में श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, श्री नवीन टंडन, अपर महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति।**

## गेज परिवर्तन

- कृष्णनगर-आमघाटा (8.29 किमी.) सेक्शन (कृष्णनगर-नवद्वीपघाट गेज परिवर्तन का पार्ट) : सितंबर,12 के दौरान, 2 कि.मी. फॉर्मेशन कार्य एवं कुल 7 कि.मी. फॉर्मेशन कार्य तथा 2 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूरा कर लिया गया।
- कृष्णनगर-आमघाटा (8.27 कि.मी.) अक्टूबर,12 के दौरान, सेक्शन कृष्णनगर-नवद्वीपघाट गेज परिवर्तन का पार्ट) - कुल 09 सेतुओं में से 04 लघु सेतुओं का कार्य पूरा कर लिया गया और 0.8 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग का कार्य भी पूरा कर लिया गया।

## नव विद्युतीकृत सेक्शन

- दिनांक 16.09.12 को नवविद्युतीकृत तालपुर-आरामबाग सेक्शन का उद्घाटन किया गया।

## अन्य उपलब्धियां

सितंबर/2012 के दौरान, निम्नलिखित यात्री सुख-सुविधा संबंधी कार्य पूरे कर लिए गए -

- आसनसोल मंडल के दुर्गापुर स्टेशन के स्टेशन भवन की रिमॉडलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया।
- आसनसोल मंडल के प्लेटफॉर्म सं.1 से 4 की प्लेटफॉर्म सतह को कंक्रीट सतह और चेकर्ड टाइल्स द्वारा समुन्नत बनाया गया।
- सियालदह मंडल के बेलडांगा में 02 अदद प्रतीक्षालयों का कार्य पूरा कर लिया गया।
- मालदा मंडल के मालदा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर एवं हावड़ा मंडल के मोगरा स्टेशन पर 02 अदद नए प्लेटफॉर्म शेड लगाए गए।
- आसनसोल मंडल के सीतारामपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 तथा हावड़ा मंडल के बैंचीग्राम डाउन प्लेटफॉर्म पर 03 अदद नए प्लेटफॉर्म शेड लगाए गए।

**अक्टूबर, 2012 के दौरान यात्री सुख-सुविधा संबंधी निम्नलिखित कार्य पूरे कर लिए गए -**

- मालदा मंडल के बराहाट एवं मंदारहिल के बीच पंजवारा रोड हाल्ट स्टेशन को बी एस ई बी आपूर्ति द्वारा विद्युतीकृत कर दिया गया।
- सियालदह और हावड़ा मंडल में क्रमशः आई सी एफ मेक 12 एवं 9 कार सस्पेंशन स्प्रिंग ई एम यू रेक (प्रत्येक में एक) को चालू कर दिया गया।
- सियालदह मंडल में बी ई एम एल मेक एक नए स्टेनलेस स्टील बॉडी ए सी ई एम यू रेक को सेवा में लगया गया।
- सियालदह मंडल के दत्तपुकुर एवं मालतीपुर में 7100 एम नये स्टेशन अप्रोच रोड का निर्माण किया गया।
- हावड़ा मंडल के बोलपुर में एवं मालदा मंडल के धुलियानगंगा में 02 अदद नए प्लेटफॉर्म शेड लगाए गए।
- सियालदह मंडल के दुर्गानगर एवं बैरकपुर में 02 अदद प्लेटफॉर्म को ऊंचा उठाया गया।
- सियालदह और मालदा मंडलों में 29 अदद प्लेटफॉर्म बेंच एवं 03 अदद अतिरिक्त टैप लगाए गए।
- सियालदह मंडल में 800 एम3 प्लेटफॉर्म सतह को समुन्नत बनाकर उसे भली-भांति नवीकृत किया गया।
- यात्री सुख-सुविधा में बढ़ोत्तरी के लिए हावड़ा ओल्ड कॉम्प्लेक्स में एक अदद 15 लाइंस टू कलर वीडियो डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया।

# राजभाषा की गतिविधियाँ

- पूर्व रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रति माहौल को सुदृढ़ करने और हिंदी के कार्य-कलापों में आशातीत प्रगति लाने के लिए, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार, निम्नवत् कार्यक्रम आयोजित किए गए :-
- 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए पूरी तिमाही में राजभाषा की प्रसार-वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किया जाता है। पूर्व रेलवे में भी हिंदी के काम में संवैधानिक कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- 1. पूर्व रेलवे, मुख्यालय में 14 सिंतबर से 28 सितंबर, 2012 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। जबकि मंडलों, कारखानों एवं डिपों में 01 सितंबर से 14 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़े के क्रम में जहां एक ओर हिंदी कार्य संवर्धन से संबंधित निबंध लेखन और श्रुत लेखन, टिप्पण-आलेखन एवं वाक् प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं दूसरी ओर हिंदी क्विज़, सांस्कृतिक अनुष्ठान, तकनीकी संगोष्ठी, कवि गोष्ठी, राजभाषा प्रदर्शनी, हिंदी नाटक मंचन प्रतियोगिता आयोजित कर रेल कर्मियों में हिंदी को सहज, सरल और रुचिकर बनाने का हर संभव प्रयास किया गया।
- रेलकर्मियों के विचार एवं उनकी आंतरिक भावनाओं को जनसाधारण के समक्ष लाने के लिए 'प्रतिबिंब', 'पूर्वोदय', 'छाया दर्पण', 'कारवां', 'सृजन' 'बढ़ते कदम' आदि पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया।




**श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, हिंदी दिवस अनुष्ठान के अवसर पर हिंदी दिवस संदेश का वाचन करते हुए।**




**श्री जी.सी. अग्रवाल, महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे, दिनांक 28.09.2012 को क्षेरेराकास की बैठक में ई-पत्रिका 'पूर्वोदय' का विमोचन करते हुए। साथ में श्री नवीन टंडन, अपर महाप्रबंधक, श्री ए. के. मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं श्री महेश्वर जामुदा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी।**

- दिनांक 26.09.2012 को रेल अधिकारियों को कंप्यूटरों पर हिंदी में काम करने का आधारभूत जानकारी देने के लिए कंप्यूटर पर हिंदी कुंजीयन का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

- इसके साथ-साथ हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उल्लेखनीय वृद्धि कराने के लिए सभी विभागों में राजभाषा समन्वयन बैठक कराई गई।

- आलोच्य अवधि में हिंदी भाषा और हिंदी कुंजीयन प्रशिक्षण पर अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ, हिंदी में प्रशिक्षित कार्मिकों को हिंदी कार्यशालाओं के माध्यम से हिंदी में कार्य करने का पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- महाप्रबंधक महोदय के निदेश के अनुसरण में आलोच्य तिमाही में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में वृद्धि करने लिए विशेष अभियान चलाया गया। फलस्वरूप मुख्यालय के बिजली विभाग, जनसंपर्क विभाग, आई बी (भंडार) और यांत्रिक (सा.) को राजभाषा नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित किया गया। इसके साथ-साथ, आसनसोल मंडल के यांत्रिक इंजीनियरी, वरि. मंडल बिजली इंजीनियरी (सामान्य) और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त का कार्यालय और सियालदह मंडल के वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/कचस्टा और हावड़ा मंडल के तिलभिटा स्टेशन को भी अधिसूचित करने का प्रस्ताव भेजा गया। पूर्व रेलवे में पहले से ही 31 कार्यालयों को अधिसूचित किया जा चुका है। क्षेरेराकास की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, रेल के 9 कार्मिकों को कंप्यूटर पर यूनीकोड एवं हिंदी में काम करने का गहन प्रशिक्षण दिलाया गया। यह निर्णय लिया गया कि हिंदी के कार्यकलापों में आशातीत प्रगति करने और कार्मिकों में हिंदी में काम करने में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के लिए, इसी सत्र से अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड एवं चल-ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।


**संपर्क सूत्र**

**पत्राचार का पता :-**

संपादक, पूर्वोदय
पूर्व रेलवे,
प्रधान कार्यालय,
17, नेताजी सुभाष रोड,
कोलकाता-700001.

फोन - (033) 22224171
22224158
मो. 09002020623

ईमेल-
purvoday_hindi@yahoo.co.in


पूर्वोदय के प्रकाशन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हम आपके सुझाव भरे ई-मेल/फोन एवं पत्रों का स्वागत करेंगे.

- संपादक

पत्रिका का वितरण निःशुल्क है.


पूर्वोदय में प्रकाशित रचनाओं में लेखक के विचार अपने हैं तथा इन विचारों से रेल प्रशासन की सहमति आवश्यक नहीं है.




**श्री महेश्वर जामुदा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, मुख्यालय, पूर्व रेलवे, राजभाषा कार्य समीक्षा की बैठक में सदन को संबोधित करते हुए।**




**श्री ए.के. मित्तल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण-II), दिनांक 28.09.2012 को हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करते हुए।**

# दिनांक 02.11.2012 को आयोजित लोक लेखा समिति की बैठक के दृश्य।





















